Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to accord the status of full-fledged railway station to Sadisopur Railway Station in Pataliputra Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र): हमारे संसदीय क्षेत्र पाटलिपुत्र के मनेर विधानसभा,बिहटा प्रखंड के सादिसोपुर रेलवे स्टेशन को पूर्ण स्टेशन का दर्जा दिए जाने की मांग करता हूँ मेरी इस मांग के निम्न कारण हैं :-

1. सादिसोपुर रेलवे स्टेशन बिहटा हवाई अड्डा (निर्माणाधीन) का निकटतम रेलवे स्टेशन है,

2. सादिसोपुर से आईआईटी संस्थान बिहटा की दूरी मात्र 6 km है.

3. सादिसोपुर रेलवे स्टेशन पर लगभग 40 गाँव के लोग प्रतिदिन सफर करते है.

4. रेलवे स्टेशन से दूध विक्रेता, सब्जी विक्रेता एवं दैनिक मजदूरों का बिहार की राजधानी पटना से व्यापार हेतु यातायत का मुख्य साधन रेल है.

5. बिहार की राजधानी एवं अन्य सरकारी प्राइवेट चिकित्सा के लिए लोग रेल का उपयोग करते है. सादिसोपुर रेलवे स्टेशन से AIIMS की दूरी लगभग 12 km है। स्टेशन को पूर्ण स्टेशन का दर्जा मिल जाने से आम जनों को बहुत ही सुविधा मिल सकेगी। अतः महोदय से अनुरोध है इस महत्वपूर्ण विषय पर विचार करने की कृपा की जाए । धन्यवाद